पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या–UAHIN/25/A3123 www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

❖ वर्ष : 2 ❖अंक : 185 हल्द्वानी ❖ सोमवार, 9 फरवरी 2026 ❖ मूल्य 2.00 रुपये ❖ पृष्ठ: 8

## एक नजर

### होसाइ शेयर में निवेश के नाम पर लाखों की ठगी

**अल्मोड़ा।** जिले में होसाइ शेयर नामक निवेश एप के जरिए साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला सोमेश्वर कोतवाली क्षेत्र का है, जहां एक ग्रामीण से साइबर ठगों ने 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित का कहना है कि कंपनी से जुड़े लोगों ने पहले क्षेत्र के कुछ स्थानीय युवकों को एजेंट बनाया और उनके माध्यम से ग्रामीणों को मोबाइल एप पर निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि होसाइ शेयर एप में रकम लगाने पर नियमित और निश्चित लाभ मिलेगा। इसी भरोसे में आकर कई लोगों ने एप में पैसे लगाने शुरू कर दिए। पीड़ित ने भी शेयर में निवेश किया, लेकिन कुछ ही समय में लगभग 50 हजार रुपये की राशि ठगी का शिकार हो गई। बाद में न तो निवेश की रकम वापस मिली और न ही किसी तरह का लाभ दिया गया। इसी तरह फर्जी ट्रेडिंग और निवेश एप होसाइ शेयर के माध्यम से एक अन्य व्यक्ति से यूपीआइ के जरिए एक लाख नौ हजार 595 रुपये की साइबर ठगी का मामला भी सामने आया है। पीड़ित ने साइबर अपराध प्रकोष्ठ को लिखित शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, 7 सितंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच मोबाइल और वेब आधारित होसाइ शेयर एप के जरिए ऑनलाइन ट्रेडिंग, माइनिंग और निवेश का लालच दिया गया। एप के संचालकों और उनके प्रतिनिधियों ने नियमित मुनाफे का भरोसा दिलाया, जिसके झांसे में आकर पीड़ित ने निवेश शुरू किया। पीड़ितों ने पुलिस से ठगी की गई राशि वापस दिलाने की मांग की है।

### आज बदलेगा मौसम, बारिश-बर्फबारी के भी आसार

**देहरादून।** हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में कोहरा छाने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी के आसार हैं। उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक रविवार को मौसम साफ रहा और दिन में धूप खिली रही लेकिन मैदानी इलाकों में सोमवार को कोहरा छाने के साथ पर्वतीय इलाकों में बारिश-बर्फबारी की संभावना बनी हुई है। इसके चलते ठंड बढ़ सकती है। 12 फरवरी से मौसम शुष्क होगा और मैदानी हिस्सों में तेज धूप खिलने से गर्मी का अहसास होगा और तापमान में बढ़ोत्तरी होगी।

# स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है विपक्ष

## राहुल गांधी को बोलने से रोकने का आरोप

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों के हवाले से यह दावा किया जा रहा है कि राहुल गांधी को कथित तौर पर सदन में न बोलने देने और पीएम मोदी का लोकसभा में संबोधन टालने के मुद्दे पर विपक्ष ओम बिरला से नाराज है और उन पर पक्षपात का आरोप लगा रहा है।

विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि लोकसभा स्पीकर सदन में पक्षपात करते हैं। विपक्ष ने यह आरोप ऐसे समय लगाया है, जब विपक्ष आरोप लगा रहा है कि राहुल गांधी को संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है। इस मुद्दे पर संसद में बीते कई दिनों से हंगामा



हो रहा है। लोकसभा स्पीकर के खिलाफ विपक्ष में नाराजगी बढ़ने की एक अन्य वजह उनका एक बयान है, जिस पर भी खासा विवाद हो रहा है।

सूत्रों के अनुसार, विपक्ष बजट सत्र के दूसरे चरण में ये अविश्वास प्रस्ताव लेकर आ सकता है क्योंकि नियमों के तहत अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देने के लिए 20 दिन का समय चाहिए होता है। स्पीकर के खिलाफ विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने की कई वजह बताई जा रही हैं, जिनमें लोकसभा स्पीकर द्वारा सदस्यों को बोलने की मंजूरी न देने, आसन द्वारा महिला सांसदों का नाम लेना, सत्ता पक्ष के कुछ सांसदों को सदन में हमेशा विशेषाधिकार देना और आठ विपक्षी सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित करना शामिल है।

लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोलते हुए राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के एक अप्रकाशित संस्मरण का हवाला देते हुए चीन से टकराव के मुद्दे पर गंभीर आरोप लगाए थे और दावा किया कि डोकलाम में चीनी टैंक घुस आए थे। हालांकि सरकार ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था। जिसके बाद स्पीकर ने राहुल गांधी को बोलने से रोक दिया, जिस पर हंगामा हुआ। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि लोकसभा में उन्हें बोलने से रोकना परंपरा का उल्लंघन है और साथ ही यह गंभीर चिंता भी पैदा करता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर बोलने से रोका जा रहा है। विपक्षी सांसदों ने इस मुद्दे पर खासा हंगामा किया और हंगामे के दौरान विपक्षी सांसदों ने आसन की तरफ कागज उछाले, जिसके बाद आठ विपक्षी सांसदों को सदन की अवमानना के आरोप में पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया।

अब इसे लेकर विपक्ष का हंगामा जारी है, जिसके चलते सदन की कार्यवाही भी नहीं चल पा रही है। ओम बिरला ने बीते दिन चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदन में आने से रोका था। बिरला ने आशंका जताई कि अगर प्रधानमंत्री सदन आते तो उनके साथ कोई अप्रत्याशित और अप्रिय घटना घट सकती थी।

# केंद्रीय बजट राष्ट्र निर्माण का रोडमैप

## उत्तराखंड को मिलेगा स्वास्थ्य, पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा लाभ : जोशी

**अल्मोड़ा।** सूबे के कृषि, ग्राम्य विकास एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी सोमवार से दो दिवसीय कुमाऊँ दौरे पर हैं। दौरे के पहले दिन अल्मोड़ा पहुंचे कैबिनेट मंत्री ने नगर निगम सभागार में केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत अनुमानित है, जो खपत और निवेश से प्रेरित है। यह लगातार चौथा वर्ष है जब भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जबकि वैश्विक विकास दर लगभग 3 प्रतिशत के आसपास है।



उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से पूंजी-आधारित विकास की दिशा में निर्णायक बदलाव हुआ है। बजट 2026-27 में कुल पूंजीगत व्यय लगभग 12.2 लाख करोड़ रुपये रखा गया है, जो 2013-14 की तुलना में 430 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए आवंटन में लगभग 500 प्रतिशत, रक्षा क्षेत्र में 210 प्रतिशत से अधिक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण में 176 प्रतिशत और शिक्षा क्षेत्र में 110 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। मंत्री ने बताया कि रक्षा और रणनीतिक क्षमताओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। निरंतर निवेश से आयात पर निर्भरता कम हुई है और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के अनुरूप स्वदेशी रक्षा विनिर्माण को गति मिली है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 2014 में करीब 91 हजार किमी से बढ़कर 2026 में लगभग 1 लाख 46 हजार किमी हो गई है। वहीं मेट्रो नेटवर्क 248 किमी से बढ़कर 1,000 किमी से अधिक हो चुका है ( शेष पृष्ठ 5 पर )

## आज बदलेगा मौसम

### बारिश-बर्फबारी के आसार

**देहरादून।** हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में कोहरा छाने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में कोहरा छाने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी के आसार हैं। खासकर प्रदेश के 3000 मीटर से अधिक से ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी की संभावना अधिक है। आने वाले दिनों की बात करें तो 11 फरवरी तक प्रदेश में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहेगा।

# पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता : आसमान में रोमांच देख लोगों में दिखा उत्साह

## एडवेंचर टूरिज्म के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरता क्षेत्र बन रहा कपकोट

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** कपकोट में चल रहे राष्ट्रीय एक्यूरेसी पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता में विभिन्न प्रान्तों के पायलट प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता देख कपकोट क्षेत्र में हवा में अपनी करतब दिखा रहे प्रतिभागियों को देख लोगों में भी काफी उत्साह है। प्रतियोगिता के अन्तिम दिन रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी रहा। देश के विभिन्न राज्यों से आए 64 प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सटीक लैंडिंग और उत्कृष्ट उड़ान कौशल का परिचय दिया।

जालेख से उड़ान भरने वाले पैराग्लाइडरों से कपकोट का आसमान रंग-बिरंगी छतरियों से सजा नजर



आया, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रतियोगिता स्थल पर स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों की भारी उपस्थिति रही, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। इस आयोजन के माध्यम से कपकोट क्षेत्र को एडवेंचर टूरिज्म के प्रमुख केंद्र के रूप में नई पहचान मिल रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों से क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे।

प्रतिभागियों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण सत्र और सुरक्षा संबंधी विशेष मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और अधिक पेशेवर बन सका प्रतियोगिता में 92 प्रतिभागियों ने पंजीकरण किया था। जिसमें से 78 पायलट ने प्रतिभाग किया जिसमें से 55 ने चारों राउंड पूरे किए। वहीं कल फ्री फ्लाइंग के साथ पुरस्कार वितरण किया जाएगा प्रतियोगिता के सफल आयोजन में स्थानीय प्रशासन, पर्यटन विभाग और आयोजन समिति की सराहनीय भूमिका रही है।

# सम्पादकीय

## 2027 की आहट: उत्तराखंड की राजनीति में बिछने लगी चुनावी भाजपा

उत्तराखंड की शांत पहाड़ियों में एक बार फिर राजनीतिक सरगर्मियाँ तेज़ होने लगी हैं। भले ही विधानसभा चुनाव 2027 में होने हैं, लेकिन सियासी दलों ने अभी से मोर्चाबंदी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 14 तारीख को प्रस्तावित महत्वपूर्ण बैठक यह स्पष्ट संकेत देती है कि राज्य की राजनीति अब चुनावी मोड में प्रवेश कर चुकी है। भाजपा का यह कदम केवल एक औपचारिक संगठनात्मक बैठक नहीं, बल्कि 2027 की रणनीति का पहला ठोस पड़ाव माना जा सकता है। सत्ता में रहते हुए तीसरी बार सरकार बनाने का लक्ष्य अपने आप में चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में पार्टी नेतृत्व यह भली-भांति समझता है कि समय रहते संगठन को दुरुस्त करना, जनप्रतिनिधियों के प्रदर्शन की समीक्षा करना और जमीनी फीडबैक लेना अनिवार्य है। पिछले कुछ वर्षों में उत्तराखंड में विकास, बुनियादी ढांचे, सड़क-रेल परियोजनाओं, धार्मिक पर्यटन और समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों पर भाजपा सरकार ने आक्रामक नीतिगत रुख अपनाया है। परंतु इसके समानांतर बेरोज़गारी, पलायन, महंगाई और स्थानीय असंतोष जैसे प्रश्न भी राजनीति के केंद्र में बने हुए हैं। 2027 की तैयारी दरअसल इन उपलब्धियों और चुनौतियों,दोनों के संतुलन की परीक्षा होगी। 14 को होने वाली बैठक का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि इसमें संगठन और सरकार के बीच तालमेल, मंत्रियों-विधायकों के कार्य मूल्यांकन और आगामी दो वर्षों की रूपरेखा पर गंभीर मंथन होना तय माना जा रहा है। यह बैठक यह भी संकेत देती है कि भाजपा अंतिम समय की राजनीति के बजाय दीर्घकालिक चुनावी रणनीति पर काम कर रही है। दूसरी ओर, विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के लिए यह एक चेतावनी भी है। यदि भाजपा अभी से चुनावी शतरंज बिछा रही है, तो विपक्ष को भी केवल सरकार विरोधी नारों से आगे बढ़कर विश्वसनीय विकल्प, मज़बूत संगठन और स्पष्ट नेतृत्व प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा चुनावी मुकाबला एकतरफा होने का खतरा बना रहेगा। उत्तराखंड की राजनीति की विशेषता यह रही है कि यहाँ जनभावनाएँ तेज़ी से बदलती हैं। पहाड़ बनाम मैदान, स्थानीय मुद्दे बनाम राष्ट्रीय एजेंडा और विकास बनाम पहचान ये सभी तत्व चुनावी नतीजों को प्रभावित करते हैं। ऐसे में 2027 का चुनाव केवल सत्ता का नहीं, बल्कि राज्य की दिशा और दृष्टि का चुनाव होगा। कुल मिलाकर, भाजपा की 14 तारीख की बैठक यह साफ़ कर देती है कि उत्तराखंड में अब चुनाव दूर की बात नहीं रहे। राजनीतिक दलों के लिए यह समय आत्ममंथन, जनसंवाद और ठोस नीति निर्माण का है। लोकतंत्र के लिए भी यही शुभ संकेत है कि मुकाबला जल्द शुरू हो,क्योंकि सक्रिय राजनीति ही अंततः जनता के हितों को केंद्र में लाती है।

# ग्राहक जागरण से जन-आंदोलन की ओर: लाखन सिंह की प्रतिबद्ध यात्रा

**प्रस्तुति- हरिशंकर सैनी**



डिजिटल युग में जहाँ बाजार का विस्तार तेज़ी से हुआ है, वहीं उपभोक्ता शोषण के नए-नए रूप भी सामने आए हैं। ऐसे समय में यदि कोई बात उपभोक्ता को सबसे अधिक सशक्त बनाती है, तो वह है जागरूकता। इसी जागरूकता को जन-आंदोलन का स्वरूप देने में जुटे हैं अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के क्षेत्रीय संगठन मंत्री लाखन सिंह। उत्तराखंड के तराई अंचल में स्थित रुद्रपुर से निकलकर लाखन सिंह आज उपभोक्ता अधिकारों की लड़ाई में एक सशक्त और विश्वसनीय आवाज़ बन चुके हैं। एक साधारण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में जन्मे लाखन सिंह ने जीवन के प्रारंभ से ही सामाजिक सरोकारों को अपनी साधना बनाया। बाल्यकाल से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में राष्ट्र और समाज सेवा के संस्कार उन्हें प्राप्त हुए, जिसने उनके व्यक्तित्व को दिशा दी।

वर्तमान में वे उत्तराखंड, मेरठ प्रांत और ब्रजमंडल जैसे विविध क्षेत्रों में ग्राहक जागरण अभियान को जमीनी स्तर तक पहुँचाने का दायित्व निभा रहे हैं। उनका मानना है कि ग्राहक केवल खरीदार नहीं, बल्कि सजग नागरिक है, और जब तक उपभोक्ता अपने अधिकारों को नहीं पहचानेगा, तब तक कोई भी कानून पूरी तरह प्रभावी नहीं हो सकता। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थापना 1970 के दशक में हुई, जब देश में उपभोक्ता अधिकारों को लेकर न तो पर्याप्त कानून थे और न ही व्यापक जनजागरूकता। यह संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रेरित एक स्वदेशी, गैर-राजनीतिक उपभोक्ता संगठन है, जिसका उद्देश्य उपभोक्ता को शोषण से मुक्त कर उसे सजग, संगठित और समर्थ बनाना है।

आज यह संगठन देशभर में फैले एक सशक्त नेटवर्क के रूप में कार्य कर रहा है। जागरूकता शिविर, उपभोक्ता गोष्ठियाँ, प्रशिक्षण कार्यक्रम और संवाद के माध्यम से आम नागरिकों को यह बताया जाता है कि वे बिल कैसे जाँचें, नकली और असली उत्पाद की पहचान कैसे करें, ऑनलाइन ठगी से कैसे बचें और शिकायत कहाँ तथा कैसे दर्ज करें। लाखन सिंह के अनुसार वर्तमान समय में डिजिटल फ्रॉड, बाजार में बढ़ती धोखाधड़ी और सरकारी योजनाओं का दुरुपयोग उपभोक्ताओं के सामने सबसे बड़ी चुनौतियाँ हैं। कई बार जानकारी के अभाव में उपभोक्ता ठगी का शिकार हो जाता है और शिकायत करने से भी हिचकता है। ग्राहक पंचायत ऐसे मामलों में न केवल मार्गदर्शन करती है, बल्कि ज़रूरत पड़ने पर उपभोक्ता आयोग तक उपभोक्ताओं की बात पहुँचाने में भी सहयोग करती है। गैस एजेंसियों द्वारा अवैध वसूली, बीमा क्लेम में देरी, बिजली बिलों की गड़बड़ी और ई-कॉमर्स से जुड़े कई मामलों में संगठन के हस्तक्षेप से उपभोक्ताओं को न्याय मिला है। लाखन सिंह उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 को उपभोक्ताओं के लिए एक क्रांतिकारी कदम मानते हैं। ई-कॉमर्स, भ्रामक विज्ञापन, उत्पाद दायित्व और त्वरित न्याय जैसी व्यवस्थाएँ इस कानून को मजबूत बनाती हैं। हालाँकि उनका स्पष्ट मत है कि कानून तभी प्रभावी होगा, जब उपभोक्ता उसके प्रावधानों को जाने और उनका उपयोग करना सीखे। ग्राहक पंचायत का अगला लक्ष्य युवाओं को इस आंदोलन से जोड़ना है। कॉलेजों और तकनीकी संस्थानों में उपभोक्ता क्लब बनाकर युवाओं को प्रशिक्षित करने की योजना है, ताकि वे समाज में जागरूकता के दूत बन सकें।

इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों और ग्रामीण उपभोक्ताओं को खाद, बीज, दवा और कृषि मशीनरी से जुड़े अधिकारों की जानकारी देना संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है। जागरूकता ही सच्चा ग्राहक धर्म

लाखन सिंह का संदेश स्पष्ट है रसीद लेना, सवाल पूछना, अधिकार जानना और गलत के खिलाफ आवाज़ उठाना ही सच्चा ग्राहक धर्म है।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत आज उपभोक्ता अधिकारों को केवल कानूनी दायरे तक सीमित न रखकर, उन्हें सामाजिक चेतना और जन-आंदोलन का रूप देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। और इस अभियान की अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं लाखन सिंह जैसे समर्पित कार्यकर्ता।

# लाखों की सिग्नल लाइटें बनी शोपीस, चौराहों पर रोज़ जाम से बेहाल जनता

**सुल्तान अंसारी**



**सितारगंज।** शहर में यातायात सुधार के नाम पर किए गए इंतज़ाम अब सरकारी लापरवाही की खुली मिसाल बनते जा रहे हैं। तिरंगा चौक और स्टेट हाईवे स्थित महाराणा प्रताप चौक पर वर्षों पहले लगाई गई ट्रैफिक सिग्नल लाइटें आज तक चालू नहीं हो सकीं। इसका नतीजा यह है कि रोज़ाना चौराहों पर लंबा जाम लग रहा है और आम जनता भारी परेशानी झेलने को मजबूर है।

नेशनल हाईवे से जुड़े मार्ग को संकरा बताकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने तिरंगा चौक पर गोल चक्कर तो बना दिया, लेकिन इसके बाद यातायात संचालन की कोई ठोस वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। गोल चक्कर को जरूरत से कहीं अधिक बड़ा बना दिया गया, जबकि वाहनों के मुड़ने के लिए सड़क संकरी ही छोड़ दी गई। हालात यह हैं कि जैसे ही कोई लंबा या भारी वाहन गोल चक्कर से मुड़ने की कोशिश करता है, वह वहीं फंस जाता है और काफी मशक्कत के बाद ही निकल पाता है, जिससे जाम और भी विकराल हो जाता है।

सिग्नल लाइटें खड़ी तो कर दी गई, लेकिन उन्हें चालू करने की ज़हमत किसी ने नहीं उठाई। सुबह और शाम के व्यस्त समय में जाम कई किलोमीटर तक फैल जाता है। स्कूली बच्चे, मरीज और कामकाजी लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सिग्नल लाइटें चलानी ही नहीं थीं, तो उन्हें लगाने पर लाखों रुपये खर्च क्यों किए गए? अधूरे सर्किल, बंद सिग्नल और अव्यवस्थित योजना के चलते दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है, इसके बावजूद संबंधित विभाग खामोशी ओढ़े हुए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह केवल अव्यवस्था नहीं, बल्कि सरकारी धन की खुली बर्बादी है। यदि समय रहते सिग्नल लाइटें चालू नहीं की गईं और चौराहों की डिजाइन दुरुस्त नहीं हुई, तो हालात और भयावह हो सकते हैं। सवाल साफ है—क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतज़ार कर रहा है, या फिर जनता को राहत देने के लिए अब कोई ठोस और जिम्मेदार कदम उठाएगा?


## आवश्यकता है

हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋषिकेश आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735


## आपका सुझाव - हमारी दिशा

**प्रिय स्नेही जन**

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordailyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


**सम्पादक: सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordailyparvatprerna@gmail.com

# क्या शर्मा की नाराजगी ठुकराल पर पड़ रही है भारी

## कांग्रेस आलाकमान को मीना ने भेजे पत्र, ठुकराल के खिलाफ निकाली जमकर भड़ास

– सुनील राणा –

रुद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के खिलाफ पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा की नाराजगी कम होने का नाम नहीं ले रही। उन्होंने पिछले दिनों लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लेकर कांग्रेस के तमाम आला नेताओं को पत्र लिखकर ठुकराल के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की है। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि वह किसी भी कीमत पर ठुकराल को कांग्रेस में शामिल नहीं होने देंगी।क्योंकि ठुकराल भी लगातार कांग्रेस में आने के लिए छटपटा रहे हैं ऐसे में इन दो नेताओं के बीच रार कम होने का नाम नहीं ले रही।

भाजपा से निष्कासित होने के बाद ठुकराल अपनी ठोस राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं ।कई बार लगा कि वह भाजपा में दोबारा शामिल हो जाएंगे लेकिन वहां भी उनका विरोध हो गया ।उसके बाद वह निर्दलीय ताल ठोकते रहे लेकिन वहां भी बात नहीं बन पाई।अब लंबे अरसे से वह कांग्रेस में आने के लिए दरवाजे खटखटा रहे हैं जिसकी बानगी कई बार देखने को मिली कि जब वह विधायक तिलक राज बेहड के कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में उपस्थित हुए। वहीं पिछले दिनों नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य भी उनके घर आए थे। ऐसे में इस बात को मजबूती मिल गई थी कि वह जल्द ही कांग्रेस में शामिल हो जाएंगे। लेकिन उनकी राह में सबसे बड़ा रोड़ा बनकर पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा खड़ी हो गई।

उन्होंने लगभग डेढ़ 2 वर्ष पूर्व एक वायरल ऑडियो को लेकर यह कहा इस ऑडियो में पूर्व विधायक ठुकराल ने उनके व उनके परिवार के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। जिसको लेकर वह कोतवाली में धरने पर बैठ गई जिस पर ठुकराल के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया और उनका गनर भी हटा दिया गया। मीना शर्मा यही नहीं रुकी उन्होंने देहरादून से दिल्ली तक दौड़ लगा दी और राहुल गांधी से लेकर कांग्रेस के किसी भी आलाकमान को नहीं छोड़ा जिनको पत्र लिखकर उन्होंने ठुकराल के खिलाफ अपनी बात ना कहीं हो। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ठुकराल ने अभद्र और अश्लील भाषा का प्रयोग कर उन्हें अपमानित किया है वह क्षमा योग्य नहीं है और किसी भी हालत में ऐसे व्यक्ति को कांग्रेस पार्टी में ना लिया जाए। बस मीना शर्मा का यही विरोध ठुकराल पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। अब कांग्रेस के बड़े नेता मीना शर्मा को समझने बुझाने में लगे हुए हैं। बीते दिवस भी विधायक तिलक राज बेहड भी मीना के आवास पर पहुंचे और इसी विषय पर चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस से कई और बड़े नेता भी मीना शर्मा से बात कर इस मामले को रफा दफा कराने का प्रयास कर रहे हैं। क्योंकि विधानसभा चुनाव नजदीक दिख रहा है और मीना शर्मा पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की प्रत्याशी थी ऐसे में वह किसी भी हालत में इस मर्तबा इस सीट को अपने हाथ से नहीं जाने देना चाहती। तो वही ठुकराल कांग्रेस में शामिल होकर रुद्रपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं। अब आने वाले समय ही बताएगा की मीना शर्मा और राजकुमार ठुकराल कि इस जद्दोजहद में इसका निर्णय क्या निकलता है।

# कैबिनेट मंत्री के आश्वासन पर 37 दिन बाद स्थगित हुआ आंदोलन

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

शक्तिफार्म। राजनगर में प्रस्तावित मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट को अन्य स्थान पर स्थापित करने की मांग को लेकर चल रहा धरना-प्रदर्शन आखिरकार 37 दिनों के बाद समाप्त हो गया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा स्थानीय लोगों को परियोजना के स्थान परिवर्तन पर विचार करने का आश्वासन दिए जाने के बाद आंदोलनकारी संगठनों ने धरना स्थगित करने का निर्णय लिया।

बंगाली कल्याण समिति के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान और स्थानीय लोग शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रस्तावित प्लांट जिस भूमि पर स्थापित किया जाना है, वह क्षेत्र के गरीब और सीमांत किसानों की आजीविका से जुड़ी हुई है। विकास के नाम पर उनकी जमीन छीनना और उन्हें उजाड़ना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

समिति अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ने बताया कि लंबे समय से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया जा रहा था, लेकिन समाधान नहीं निकल पा रहा था। अब कैबिनेट मंत्री द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिए जाने के बाद समिति ने आंदोलन को अस्थायी रूप से स्थगित किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में आश्वासन पर अमल नहीं हुआ तो आंदोलन को फिर से तेज किया जाएगा।

धरना समाप्ति के मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने कहा कि पार्टी विकास के खिलाफ नहीं है, लेकिन ऐसा विकास जो गरीबों और किसानों को नुकसान पहुंचाए, उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने सरकार से मांग की कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द ठोस निर्णय लिया जाए।

धरना स्थल पर बलवंत बोरा, करण जंग, नवतेज पाल सिंह, डॉ. जगदीश सिंह सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने आंदोलन के शांतिपूर्ण समाधान पर संतोष जताया और सरकार से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा की।

## बनकोट क्षेत्र के गांवों को बागेश्वर जिले में मिलाने की मांग तेज

बागेश्वर। पिथौरागढ़ जनपद के बनकोट क्षेत्र के दस ग्राम पंचायतों को बागेश्वर जिले में शामिल करने की मांग के बाद भी वर्षों से सरकार द्वारा ठगी करने के खिलाफ लोगों में रोष है।बागेश्वर जिले में मिलाने की मांग को लेकर एक बार फिर संघर्ष समिति मुखर हो गई है। यहां आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1997 से वे बागेश्वर जिले में शामिल किए जाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। संघर्ष समिति अध्यक्ष पूर्व सूबेदार मेजर शिवराज सिंह बनकोटी की अध्यक्षता में दस ग्राम पंचायतों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधान क्षेपं सदस्य सहित ग्रामीणों ने सरकार से जल्द दस गाँवो को बागेश्वर में नही मिलाए जाने पर पुन: आंदोलन कर आगामी चुनावों में चुनाव बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। उन्होंने जल्द सरकार द्वारा पूर्व में मांग के बाद जल्द विलीनीकरण को लेकर मुख्यमंत्री से घोषणा किए जाने, और वायदे को निभाने की अपील की है।बनकोट क्षेत्र के बनकोट, रुंग ?ी, भट्टीगांव,बनगेरी, सिरसोली,सहित अन्य सीमा क्षेत्र से लगे गांवों को बागेश्वर में तत्काल मिलाने की घोषणा किए जाने की मांग की है।इस दौरान पूरन सिंह राजेन्द्र सिंह, पुष्कर सिंह, नन्दन चंदोला प्रदीप चंदोला, शंकर सिंह, मोहन सिंह, गणेश सिंह मोहन सिंह, बचुली देवी,कुंदन सिंह आदि मौजूद थे।

## अर्चित लोहुमी ने लगातार तीसरी बार पास की यूजीसी नेट परीक्षा पास

बागेश्वर। अगर कुछ कर दिखाने का जज्बा हो व बचपन से उचित संस्कार व मार्गदर्शन मिले तो निश्चित सफलता मिलती है। यह बात जिले के गरुड़ के भेंटा गांव के मूल निवासी व वर्तमान मे बागेश्वर निवासी अर्चित लोहुमी ने चरितार्थ कर दिखाया है। उन्होंने अपनी लगन और कठिन मेहनत से अंग्रेजी विषय से यूजीसी नेट परीक्षा लगातार तीसरी बार पास कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर जनपद में खुशी की लहर व्याप्त है। बागेश्वर निवासी अर्चित लोहुमी ने 99.85 पर्सेंटाइल स्कोर के साथ यह परीक्षा उत्तीर्ण की है साथ ही उन्हें जूनियर रिसर्च फैलोशिप भी मिली है।



अर्चित लोहुमी ने हिमालयन सेंट्रल स्कूल से प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद इंटरमीडिएट परीक्षा महर्षि विद्या मंदिर बिलौना से टाप मैरिट से पास की। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से अंग्रेजी आनर्स में टापर रहने के पश्चात किरोडीमल कालेज से मास्टर डिग्री प्राप्त की। वर्तमान मे वे दिल्ली विश्वविद्यालय से शोध कर रहे हैं। अर्चित के पिता हेम चंद्र लोहुमी पेशे से राजकीय शिक्षक हैं व माता प्रभा लोहुमी हिमालयन सेंटल स्कूल में प्रबंधन समिति की सदस्य हैं। अर्चित ने इस सफलता का श्रेय माता पिता समेत अपनी दादी एवं दिवंगत दादा जी व गुरुजनों को दिया है। उन्होंने कहा कि यदि घर से सही संस्कार एवं मार्गदर्शन मिलें व बच्चों के मन में ललक हो तो सफलता कदम चूमती हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यायक पार्वती दास व सुरेश गढ़िया, पूर्व विधायक ललित ?र्शवाण, भाजपा प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार,भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार, जिला शिक्षा अधिकारी विनय कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता नैना लोहुमी, जिला पंचायत सदस्य जनार्जन लोहुमी समेत परिवारजनों आदि ने बधाइयाँ दी हैं।

# महिला जु-जित्सू प्रतियोगिता में बालिकाओं ने दिखाए जौहर

जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा



रुद्रपुर। जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर (रजि) के तत्वाधान में 5वीं नि:शुल्क जिला स्तरीय महिला जु-जित्सू प्रतियोगिता 2026 का आयोजन श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रूद्रपुर के हॉल में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी डॉ. अनिल शर्मा, जिला जु-जित्सू ऐसोसिएशन के महासचिव ऋषि पाल भारती, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, उपाध्यक्ष जॉनी हीराम तिग्गा, वसीम खान द्वारा सयुंक्त रूप से खिला?ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने आयोजको को बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं व बालिकाओ को सशक्त बनाने के लिए जिला जुजित्सु संघ द्वारा किया गया कार्य अत्यधिक सराहनीय है, एवं समाज में लड़कियों के लिये ये बहुत जरुरी है कि वो सशक्त, सुरक्षित और बेहतर माहौल प्राप्त करें। उन्हें जीवन की हर सच्चाई और कानूनी अधिकारों से अवगत होना चाहिये। महिलाओं के विकास के बिना देश और समाज का विकास अधूरा है।

विशिष्ट अतिथि अनिल शर्मा कहा कि बालिकाओं को किसी भी स्तर पर घबराने की जरूरत नहीं है। आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं, ताकि वह परिवार की जिम्मेदारी भी संभालने में पीछे न रह सके। साथ ही जिला जुजित्सु संघ के कोषाध्यक्ष किशोर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य समाज मे दिन प्रतिदिन बढ़ रही आपराधिक घटनाओ के प्रति सभी महिलाओं व बालिकाओ को सशक्त व जागरूक करना है, जिससे कि सभी बालिकाएं व महिलाएं आत्मरक्षा को सीखते हुए अपने जीवन में आत्मरक्षा को प्रथम स्थान देकर अपनी रक्षा कर सकें।

प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए जिला जुजित्सु संघ के महासचिव सेंसेई ऋषि पाल भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में पूरे जनपद से 143 बालिकाओ ने विभिन्न वर्गों की फाइटिंग स्पर्धा में जोहर दिखाते हुए पदक जीते।

प्रतियोगिता में निर्णायक भूमिका में हिमा भट्ट, गंगा मेहरा, रूनू शर्मा, प्रिया विश्वास, कंचन बसेरा, शिवानी, लोरी, क्षितिज सिंह, वंश बिष्ट शामिल रहे। प्रतियोगिता में सर्वाधिक पदक जीतने पर गवर्नमेंट अपर प्राइमरी स्कूल बिंदु खेड़ा के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक 6 स्वर्ण, दो रजत एवं 12 कहां से पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं दूसरे स्थान पर नालंदा सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल किच्छा के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 4 रजत एवं 7 कांस्य पदक तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फाजलपुर महरौली रुद्रपुर के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण, तीन रजत एवं तीन कांस्य से पदक जीते। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डॉ अनिल शर्मा ने सभी विजेता खिलाडियों को पदक पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर वीके शर्मा, शोभा तिग्गा, नरेंद्र सिंह, कौशल्या, शेखर सक्सेना, गुलशन कुमार, शिवम, मिनकू ठाकुर सहित अन्य अभिभावक गण मौजूद रहे। सब जूनियर बालिका वर्ग की फाइटिंग स्पर्धा में अनाया जोशी, दोएल गुप्ता, कुविरा चौहान, सौजन्या, यशिका शर्मा, शिवनीय गोस्वामी ( नानकमत्ता), ज्योति सिंगवाल ने स्वर्ण पदक, हिमांशी, विनसी चपराना, नव्या, नैनिका कोराली, नमस्या मिश्रा, वैष्णवी ने रजत पदक, अनन्या गुप्ता, इशिका सिंह, वान्या राजपूत, ऋतिका भंडारी, अंशप्रीत, आराध्या सक्सेना, राशिका कन्नौजिया, एलिजा, पावरीत कौर, सहजप्रीतकौर ने कांस्य पदक जीते। जूनियर बालिका वर्ग में रोशनी, एलिना, अंशिका शर्मा, तनु, तेजस्विनी नेगी, रिया मिश्रा, गुरप्रीत कौर ने स्वर्ण पदक, निधि कुमारी, महिमा, नीलम, गौरिता भंडारी, श्रुति,स्वस्ति भट्ट, कोमल सागर ने रजत पदक, चांदनी शेख, काव्या, स्वाति प्रजापति, राधा, जयदीप कौर, ज्योति कौर, सिमरन कौर, रिया, संजना, राधिका, दिशा सागर, अलीशा अंसारी, खुशी ने कांस्य पदक जीते।सीनियर महिला वर्ग में बबीता अधिकारी, सिखा सागर, अंशिका, स्नेहा राणा ने स्वर्ण पदक, सुनैना, दीप्ति, तनीषा, शिवानी ने रजत पदक, नेहा, बिना, अंशिका कुमारी, चंद्रिका ने कांस्य पदक जीते।

# नौनिहालों की सुरक्षा से नहीं होगा समझौता: पुलिस ने चेकिंग अभियान के माध्यम से स्कूल संचालकों को दिया कड़ा संदेश




**चमोली।** जनपद में नौनिहालों की सुरक्षा को लेकर चमोली पुलिस ने अब साफ कर दिया है कि लापरवाही, तेज़ रफ्तार और सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ करने वालों के लिए कोई रियायत नहीं होगी। गौरतलब है कि वर्तमान में सड़क सुरक्षा माह प्रचलित है, जिसके अंतर्गत चमोली पुलिस द्वारा जनपद भर में लगातार यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। चमोली पुलिस केवल चालान काटने में नहीं, बल्कि जन-जागरूकता में विश्वास रखती है। यही कारण है कि एसपी चमोली सुरजीत सिंह पँवार ने पदभार ग्रहण करने के बाद पिछले 3 महीनों में स्वयं एसजीआरआर जयकंडी, जीजीआईसी गोपेश्वर, जीआईसी गोपेश्वर, पीजी कॉलेज और क्राइस्ट एकेडमी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में जाकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं यातायात पुलिस द्वारा जनपद के 220 से अधिक विद्यालयों में पहुँचकर सड़क सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए स्कूल संचालकों और ड्राइवरों को सुरक्षा मानकों का पाठ पढ़ाया था। लगातार जागरूकता अभियानों के बावजूद विगत दिनों गोपेश्वर नगर में एक स्कूली बस से हुई दुर्घटना ने लापरवाही को उजागर किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चालक पर मुकदमा दर्ज कर वाहन सीज किया। इस घटना का कड़ा संज्ञान लेते हुए एसपी चमोली ने पूरे जनपद में यातायात पुलिस और सभी थाना प्रभारियों को स्कूल वाहनों के खिलाफ एक व्यापक चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। आज चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान जनपद भर में कुल 60 से अधिक स्कूली वाहनों की सघन जाँच की गई। इस दौरान बसों में CCTV कैमरे, स्पीड कंट्रोलर और आग से निपटने के लिए Smoke Sensor व Foam Setup की जाँच की गई। खिड़कियों पर तीन लोहे की रॉड अनिवार्य की गई हैं। पुलिस ने यह भी बारीकी से देखा कि कहीं बस का फ्लोर कटा-फटा तो नहीं है, जिससे किसी बच्चे का पैर फंस सके या उसे चोट लग सके। मौके पर मेडिकल किट और Fire E&tinguisher की मौजूदगी सुनिश्चित की गई। ड्राइवर के लिए Horizontal Mirror को अनिवार्य बताया गया ताकि उसे पीछे का पूरा दृश्य स्पष्ट दिखे। विशेषकर छात्राओं की सुरक्षा के लिए बस में महिला अटेंडेंट की नियुक्ति को अनिवार्य कर दिया गया है। इसके साथ ही, ड्राइवर और अटेंडेंट के चरित्र का सत्यापन भी किया जा रहा है। सड़क हादसों को रोकने के लिए ड्राइवरों के आई-टेस्ट का रिकॉर्ड चेक किया गया। बच्चों की जान ऐसे हाथों में नहीं सौंपी जा सकती जो शारीरिक रूप से अक्षम हों। एसपी चमोली सुरजीत सिंह पँवार ने दो-टूक शब्दों में कहा कि आज की चेकिंग के दौरान जिन स्कूली वाहनों में सुरक्षा मानकों की कमियाँ पाई गई हैं, उनके स्कूल संचालकों को सुधार हेतु एक सप्ताह का समय दिया गया है। यदि एक सप्ताह की समयावधि में निर्धारित सुरक्षा मानकों को पूर्ण नहीं किया गया, तो संबंधित वाहनों को सीधे सीज किया जाएगा तथा स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अभिभावकों से अपील है कि वे भी सजग बनें। अपने बच्चों को स्कूल वाहन में बैठाते समय सुरक्षा मानकों की जांच स्वयं करें।

# ग्राम पंचायत बौन पजियांला में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**उत्तरकाशी ( मोहन सिंह राणा )।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला जज अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी के तत्वधान में शनिवार को ग्राम पंचायत बौन पनियाला उत्तरकाशी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सचिन कुमार द्वारा उपस्थित लोगों को बताया गया 6 -2 - 2026 को महिला जननांग विकृति के प्रति शून्य सहनशीलता का अंतरराष्ट्रीय दिवस के संबंध में फोक्सो अधिनियम 2012 जुवेनाइल जस्टिस ( बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम लैंगिक न्याय और बाल संरक्षण कानून के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया वह बताया गया कि इस विषय को मनाने पीछे मुख्य उद्देश्य महिला जननांग विकृति जैसी को प्रथा के गंभीर शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों को पूरी तरह समाप्त करना है। महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इसमें यह सभी प्रतिक्रियाएं शामिल है। जिसमें गैर चिकित्सीय कारणों से महिला जननांगों को आंशिक या पूर्ण रूप से हटा दिया जाता है या उन्हें चोट पहुंचाई जाती है । यहां प्रक्रिया अक्सर जन्म से 15 वर्ष की आयु के बीच की लड़कियों पर की जाती है । जिस हेतु घर-घर जाकर डोर टू डोर अभियान चलाया जाता है। दहेज निषेध अधिनियम 1961 के संबंध में बताया गया है कि दहेज लेने और मांगने पर रोक लगाने वाला एक कानून है जो एक मई 1961 को लागू हुआ था इसकी तहत दहेज लेना और देना एक दंडनीय अपराध है। उक्त जागरूकता शिविर में सचिव सचिन कुमार रिटेनर अधिवक्ता पदम दत्त जोशी कर्मचारीगण पराविधिक कार्यकर्ता एवं आम जनमानस ने प्रतिभाग किया।

# एक साल के कार्यकाल के उपलक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान ने किया बडेथी टनल में हमारी संस्कृति हमारी पहचान पार्क का उद्घाटन



**उत्तरकाशी।** नगर पालिका अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान (भुपी ) का एक साल, कमाल 4 साल अभी बाकी, होंगे अनेक अच्छे काम। उत्तरकाशी निवासियों की तरफ से अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान व समस्त पालिका सभासदों को अनंत बधाई, शुभकामनाएं। फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि एक साल की उपलब्धि के अवसर पर काशी विश्वनाथ फुटबॉल रनिंग ट्रॉफी का उद्घघाटन खेल संस्कृति को बड़ाने के लिए पालिका द्वारा शुरू किया गया।। इसके साथ ही उन्होंने हमारी संस्कृति, हमारी पहचान पार्क का उद्घघाटन बडेथी ओपन tunnel ज्ञानसू के पास जनता को समर्पित किया।। शहर में हो रहे कार्यों के लिए आम जनता, पेंशनर्स संगठन, होटल एसोसिएशन, फुटबॉल खिलाड़ियों द्वारा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान का स्वागत व सम्मान किया गया।

# पुलिस और जनता के बीच विश्वास का सेतु, एसपी उत्तरकाशी द्वारा थाना पुरोला पर किया गया जनसंवाद

## थाने का निरीक्षण कर लम्बित माल मुकदमाती, विवेचनाओं के निस्तारण तथा अपराध नियंत्रण के दिये निर्देश।



**उत्तरकाशी।** पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत जनता और पुलिस के मध्य बेहतर सामंजस्य स्थापित करने, पब्लिक फ्रैंडली पुलिसिंग एवं आमजनता की पुलिस से सम्बन्धित समस्याओं के तुरन्त निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय द्वारा थाना पुरोला पर सामाजिक संगठनों, महिला कार्यकर्ताओं, स्थानीय जनता एवं पत्रकार बंधुओ के साथ एक संवाद कार्यक्रम आयोजित कर उनकी शिकायत व समस्याओं को सुना गया, बेहतर पुलिसिंग हेतु जनता के सभी गणमान्य लोगों से सुझाव लिए गये। कार्यक्रम मे उनके द्वारा महिला, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा तथा नशे की रोकथाम जैसे संवेदनशील विषयों पर विस्तार से चर्चा-परिचर्चा कर उपस्थित लोगों को समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ भी दिलाई। पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी द्वारा बताया गया कि अपराध पर अंकुश हेतु समाज की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। नशा, साइबर, महिला अपराध आदि के प्रति समाज जितना अधिक जागृत होगा उतनी ही आसनी व सरलता के साथ इन दुष्प्रवृतियों को नियंत्रित किया जा सकता है। वर्तमान परिदृश्य में लगातार बढ रहे साइबर अपराध के ममलों के लेकर उन्होंने लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया व डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग सावधानी के साथ करें। आपना ओटीपी किसी के साथ भी साझा न करें। साइबर धोखाधडी का शिकार होने पर तुरन्त 1930 पर रिपोर्ट दर्ज करें। सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति सजग करते हुये एसपी उत्तरकाशी द्वारा सभी से यातायात नियमों हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीड, ओवरलोडिंग , रैश ड्राइविंग, नशे की हालत में वाहन न चलाने आदि के पालन करने की अपील की गयी। नशे की रोकथाम पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। यदि कहीं भी अवैध शराब या मादक पदार्थों की तस्करी अथवा बिक्री की सूचना मिलती है तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें, आपकी पहचान गोपनीय रखी जायेगी। कार्यक्रम के समापन पर उनके द्वारा उपस्थित नागरिकों को आश्वस्त किया गया कि जनसमस्याओं के समाधान हेतु पुलिस सदैव तत्पर है। किसी भी शिकायत को अनदेखा नहीं किया जाएगा। जनसंवाद कार्यक्रम से पूर्व पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी महोदया द्वारा थाना पुरोला का वार्षिक निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा थाना परिसर, कार्यालय, मालखाना, सीसीटीएनएस कार्यालय, बैरिक, भोजनालय, हवालात आदि की साफ-सफाई का जायजा लेने के उपरान्त शस्त्रों व आपदा उपकरणों का निरीक्षण किया गया जवानों की वेपन/आपदा उपकरणों की हैण्डलिंग परखी गई, शस्त्रों का समय-समय पर साफ-सफाई एवं आपदा उपकरणों के संचालन का निरंतर अभ्यास करते रहने के निर्देश दिये गये।

थाने के कार्यों की समीक्षा करते हुये सी0एम0 पोर्टल एवं अन्य ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त जनशिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के साथ थाने पर लम्बित माल मुकदमाती व लम्बित विवेचनाओं का गुणदोष के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। सभी जवानों को निष्ठापूर्वक अपनी ड्यूटी करने व जनता के साथ सभ्य व्यवहार करने के निर्देश दिये गये, थाने पर आने वाले शिकायतकर्ता की शिकायत को सुनने तथा उनका सही मार्ग दर्शन करने हेतु बताया गया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार, थानाध्यक्ष पुरोला दीपक कठैत, वाचक पुलिस अधीक्षक कोमल सिंह रावत, उ0नि0 अक्षु रानी, आशुलिपिक कैलाश शाह सबित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। संवाद कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकित पंवार, कोषाध्यक्ष उपेंद्र राणा, सामाजिक कार्यकर्ता बलदेव असवाल, उपेंद्र असवाल, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष उमेन्द्र सिंह रावत, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष सोनू कपूर, मां कल्याणकारी समिति की अध्यक्ष मीना सेमवाल सहित रेखा रावत, जसोदा देवी, तनू, बनीता, राजकुमारी देवी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# 36वां सडक सुरक्षा माह: यातायात नियमों का उलंघन करने पर 14 के चालान, नशे की हालात में खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर 1 चालक गिरफ्तार



**उत्तरकाशी।** पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में संचालित किये जा रहे 36वें सडक सुरक्षा माह 2026 के अन्तर्गत उत्तरकाशी पुलिस द्वारा एक ओर सडक सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति व्यापक स्तर पर जनजागरुकता बढाने के प्रयास किये जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ यातायात नियमों का उलंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। उपनिरीक्षक यातायात लक्ष्मण सिंह चुफाल के नेतृत्व मे यातायात पुलिस की टीम द्वारा उत्तरकाशी जनपद मुख्यालय के आस-पास वाहन चैकिंग अभियान चलाते हुये यातायात नियमों का उलंघन करने पर 14 वाहन चालकों पर एमवी एक्ट के अन्तर्गत चालानी कार्रवाई की गयी। शराब के नशे में अनियंत्रित गति/खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर एक टेम्पो ट्रेवल चालक को गिरफ्तार तथा वाहन को सीज कर कोतवाली उत्तरकाशी दाखिल किया गया। टेम्पो ट्रेवल में शादी समारोह में शामिल होने जा रही सवार 17 महिलाओं के लिये यातायात पुलिस की टीम द्वारा मौके पर दूसरे वाहन की व्यवस्था की गयी।

# अगोड़ा अनुभाग के अंतर्गत वनाग्नि सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन



**उत्तरकाशी।** अगोड़ा अनुभाग के अंतर्गत ग्राम डासडा में वनाग्नि सुरक्षा सप्ताह 1-7 फरवरी हेतु वनाग्नि सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का नेतृत्व उप प्रभागीय वनाधिकारी भटवाड़ी वन क्षेत्राधिकारी बाडाहाट द्वारा किया गया जिस दौरान वन विभाग के अन्य कर्मचारी भी शामिल रहे। गोष्ठी में ग्रामीणों के साथ निम्न बिंदुओं पर जानकारी साझा की गई।

1. खेतों में आड़े प्रात: काल में जलाए तथा पूर्ण रूप से बुझाने के बाद ही घर जाए।

2.नई घास के लिए वनों में अग्नि न लगाए।

3.ट्यूटरिस्ट गाइड द्वारा पर्यटकों को जलती बीड़ी, सिगरेट , माचिस की तीली जंगल में न छोड़ने के लिए जानकारी साझा करने को कहा गया।

4. वनाग्नि की घटना होने पर वन विभाग का सहयोग करे तथा वन विभाग निकटतम चौकी या वन विभाग के हेल्पलाइन नम्बर 1926 पर जानकारी दे ।

# महिला नेतृत्व वाले विकास की दिशा में है भारत: नेहा जोश



**उत्तरकाशी।** जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित केंद्रीय बजट 2026 महिला संवाद कार्यक्रम को प्रदेश मंत्री नेहा जोशी ने संबोधित किया केंद्रीय बजट 2026-27पर बोलते हुए नेहा जोशी ने कहा महिला नेतृत्ववाले विकास की दिशा में है भारत। जब हम महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो यह केवल नीति या बजट का विषय नहींहोता, बल्कि परिवार, गांव और समाज की प्रगति से जुड़ा हुआ विषय होता है,आज उत्तरकाशी की महिलाएं इसका जीवंत उदाहरण है स्वयं सहायता समूह के माध्यम से हजारों महिलाएं हस्तशील्प और स्थानीय उत्पादों के निर्माण से जुड़कर अपने परिवार की आय बढ़ा रही है ,हमारी इन बहनों को कैसे और अधिक स्वालंबी बनाया जाए इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय बजट 2026-27 में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कहीं महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। इनमें महिला उद्यमी को बढ़ावा देने स्वयं सहायता समूह को मजबूत कौशल विकास को प्रोत्साहित करने और महिलाओं को बाजार से जोड़ने जैसी पहले शामिल है। ताकि महिलाएं केवल आजीविका तक सीमित ना रहे बल्कि स्थाई आय और नेतृत्व की भूमिका में आगे बढ़े सकें इनमें महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, स्वयंसहायता समूहों को मजबतू करने, कौशल विकासको प्रोत्साहित करनेजैसे की योजनाएं हैं। तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए भारत AI मिशन के तहत STEM क्षेत्र की महिलाओं के प्रशिक्षण के लिए 33 प्रतिशत बजट का आवंटन रखा गया है। ग्रामीण महिलाओं के लिए DAY NRLM का बजट 20 प्रतिशत बढ़कर 17280 करोड़ किया गया है।

यह बजट हमें एक स्पष्ट दिशा दिखाता है की महिला सशक्तिकरण अब केवल कल्याणकारी योजनाओं तक सीमित नहीं है बल्कि भारत की उत्पादन अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन चुका है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नगेंद्र चौहान ने कहा आर्थिक सशक्तिकरण की वास्तविक शुरुआत कौशल विकास से होती है। इस अवसर बड़ी संख्या में विभिन्न गांव से पहुंची महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की जिसमें प्रमुख रूप से मंजू बलूनी, कीर्ति बलूनी, देवीश्वरी भट्ट राखी पयाल रुक्मिणी देवी संतोषी देवी रानी भट्ट आदि शामिल थे। इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ललित सेमवाल भटवाड़ी विकासखंड की प्रमुख ममता पवार, पूर्व प्रमुख भटवाड़ी विनीता रावत,, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुधा गुप्ता, जिला महामंत्री महावीर सिंह नेगी सदस्य जिला पंचायत नआल्ड कठुड ज्योति राणा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री सरिता पडियार किरण पवार सावित्री मखलोगा सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद थी।

# जुणगा गांव ने तोड़ी नशे की परंपरा ,बेटे की शादी में शराब न परोसकर दरम्यान सिंह नेगी ने रचा इतिहास



**उत्तरकाशी।** जनपद उत्तरकाशी की ग्राम पंचायत जुणगा ने नशे के खिलाफ एक साहसिक और ऐतिहासिक कदम उठाकर पूरे क्षेत्र को आईना दिखा दिया है। गांव निवासी दर्मियान सिंह नेगी ने अपने पुत्र विजय सिंह की शादी में शराब को पूरी तरह से दरकिनार कर यह साबित कर दिया कि खुशियाँ नशे की मोहताज नहीं होतीं।

यह विवाह पट्टी भण्डारस्यूं व ग्राम पंचायत जुणगा में शराब बंदी के रिकार्ड में दर्ज होने वाला पहला नशामुक्त विवाह बन गया, जिसमें पूरी तरह से नशा-मुक्त आयोजन किया गया। इस पहल को गांव के लोगों ने भी खुले दिल से सराहा है। वर्षों से सामाजिक आयोजनों में चली आ रही शराब की कुप्रथा पर यह सीधा प्रहार है।

ग्राम प्रधान अनिल भंडारी ने नेगी परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब ऐसे परिवार आगे आते हैं तभी समाज बदलता है। इस कदम से गांव में शराब बंदी अभियान को बड़ी मजबूती मिली है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पारिवारिक समारोह में शराब न परोसना एक साहसिक और समाज को नई दिशा देने वाला निर्णायक मोड़ है।

वही अनार सिंह कुमांई एवं भीमराज सिंह कुमांई ने भी अपनी पुत्रियों की शादी में शराब न परोसने का सार्वजनिक ऐलान करते हुए ग्राम पंचायत के शराब बंदी फैसले के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने की बात कही।

यह पहल न केवल जुणगा गांव बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक संदेश है, जो समाज को नशे से दूर कर स्वस्थ्य और संस्कारित भविष्य की ओर ले जाने में सहायक सिद्ध होगी।

# भोजन माताओं, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाने की कवायद

**देहरादून।** प्रदेश में भोजन माताओं, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाए जाने की तैयारी है। शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तीकरण एवं बाल विभाग शासन को इस संबंध में प्रस्ताव भेज चुके हैं। वहीं, मध्य क्षेत्र परिषद की पिछले दिनों छत्तीसगढ़ में हुई बैठक में भी राज्य सरकार की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाए जाने का प्रस्ताव रखा गया।

प्रदेश में 40 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं कार्यरत हैं। जो पिछले काफी समय से मानदेय वृद्धि की मांग करती आ रही हैं। केंद्र सरकार की ओर से इन्हें 4500 रुपये और राज्य सरकार की ओर से हर महीने 4800 रुपये मानदेय दिया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से इनका मानदेय बढ़ाए जाने पर विचार किया जा रहा है। सरकार की ओर से इसके लिए प्रमुख सचिव आरके सुधांशु की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है। महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के निदेशक बंशीलाल राणा के मुताबिक विभाग आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय के संबंध में शासन को अपनी रिपोर्ट दे चुका है। जिसमें बताया गया है कि केंद्र व राज्य सरकार इन्हें कितना मानदेय दे रहे हैं। इसके अलावा अन्य राज्यों में इन्हें कितना मानदेय मिल रहा है। वहीं, शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश में 24000 भोजन माताएं कार्यरत हैं। पीएम पोषण योजना के तहत कार्यरत भोजन माताओं को वर्तमान में तीन हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है। तीन हजार रुपये मानदेय में 900 केंद्र सरकार एवं सौ रुपये राज्यांश है। इसके अलावा राज्य सरकार दो हजार रुपये अगल से देती है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक इनके मानदेय के संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और भोजन माताओं के मानदेय के साथ ही आशा कार्यकर्ताओं का भी मानदेय बढ़ाया जाएगा। राज्य में 12000 आशा कार्यकर्ता कार्यरत हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष..........

# केन्द्रीय बजट......

और हवाई अड्डों की संख्या 70 से बढ़कर लगभग 160 हो गई है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में 57 हजार किमी से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हुआ है, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। वर्तमान में देश में 164 से अधिक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं, 260 स्लीपर ट्रेनसेट की योजना है और सात नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर स्वदेशी तकनीक से विकसित किए जा रहे हैं। मंत्री जोशी ने कहा कि उड़ान योजना के तहत 1.5 करोड़ से अधिक यात्रियों ने उन रूटों पर यात्रा की है जो पहले अस्तित्व में नहीं थे, जिससे भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है। यह बजट भारत के पिछले दस वर्षों के आर्थिक परिवर्तन को दर्शाता है और स्थायी, समावेशी तथा नवाचार-आधारित विकास की मजबूत नींव रखता है।

उत्तराखंड के संदर्भ में उन्होंने कहा कि बजट में स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। पर्यटन को राज्यों के साथ साझेदारी में बढ़ावा दिया जाएगा, जिसमें क्षेत्रीय चिकित्सा-पर्यटन हब, पारंपरिक पर्यटन सर्किट और पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील ट्रैकिंग रूट का विकास शामिल है। इससे पहाड़ी क्षेत्रों की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने बताया कि 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार राज्यों को टैक्स में बढ़ा हुआ हिस्सा और विशेष सहायता मिलती रहेगी, जिससे उत्तराखंड को बजट 2026-27 के तहत विकास परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। यह बजट उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए सड़क, लॉजिस्टिक्स और बुनियादी ढांचे के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष महेश नयाल, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, कैलाश शर्मा, मेयर अजय वर्मा, प्रकाश भट्ट, विनीत बिष्ट, रवि रौतेला सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ऊधम सिंहनगर में रेत से लदे डंपर ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर मौत, आक्रोशित भीड़ ने वाहन में लगाई आग



**ऊधम सिंह नगर।** जिले में आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। रेत से लदे एक डंपर ने बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साई भीड़ ने डंपर में आग लगा दी। वाहन करीब एक घंटे तक जलता रहा, जिससे इलाके में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, ढकिया नंबर एक निवासी 58 वर्षीय जयपाल सिंह आज सुबह करीब 8 बजे बाइक से घर से निकले थे। वह रोजमर्रा के काम से बाहर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे खनन सामग्री से लदे डंपर (संख्या यूपी 21 सीटी 6334) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि जयपाल सिंह सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के तुरंत बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सड़क पर शव और क्षतिग्रस्त बाइक देखकर लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी रात में इसी इलाके में डंपर की टक्कर से हादसा हुआ था, जिससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। गुस्साई भीड़ ने डंपर में आग लगा दी। देखते ही देखते वाहन धू-धू कर जलने लगा और काला धुआं उठने लगा। सड़क पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया और हालात तनावपूर्ण हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन आक्रोशित लोगों ने शुरुआत में फायर ब्रिगेड को आगे नहीं बढ़ने दिया। हालात बिगड़ते देख एसपी स्वपन किशोर सिंह, पीएसी, काशीपुर थाना, जसपुर कोतवाली पुलिस और सुल्तानपुर पट्टी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने लोगों को समझाया, जिसके बाद फायर ब्रिगेड ने डंपर में लगी आग पर काबू पाया। पुलिस ने मृतक जयपाल सिंह के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जले हुए डंपर को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डीएम ने ममुलाकोट में लगाई रात्रि चौपाल जनसमस्याओं पर त्वरित निर्णय



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**पाटी (चंपावत)।** डीएम चंपावत मनीष कुमार अपनी कार्यप्रणाली के चलते पूरे जिले में लोकप्रिय होते जा रहे हैं चंपावत जिले के विकासखंड पाटी की ग्राम सभा मुलाकोट स्थित मज्याप ग्राम में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने रविवार को रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर समाधान हेतु निर्देशित किया।चौपाल के दौरान कमला देवी ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से उनके पति उनके साथ नहीं रह रहे हैं, जिसके कारण उन्हें अपने दो नाबालिग बच्चों का अकेले पालन-पोषण करना पड़ रहा है। उन्होंने पेंशन, राशन तथा बच्चों के भरण-पोषण हेतु मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना का लाभ दिलाने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए स्वयं सत्यापित कर जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

केसरी देवी द्वारा आवास की मांग रखे जाने पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। दीपा देवी ने अवगत कराया कि उनके पति की मृत्यु लगभग 8 वर्ष पूर्व हो चुकी है और वे दो नाबालिग बच्चों के साथ आर्थिक तंगी में जीवनयापन कर रही हैं। इस पर जिलाधिकारी ने उन्हें मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना से आच्छादित करने के निर्देश दिए तथा खंड विकास अधिकारी पाटी को गौशाला उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।इसके अतिरिक्त अन्य शिकायतों में मोहन सिंह द्वारा सड़क से निर्माण सामग्री हटाने, कमला देवी की आवास संबंधी समस्या, कुंदन सिंह की गौशाला निर्माण संबंधी मांग, थाला क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा सीसी मार्ग निर्माण की मांग तथा सीमा अधिकारी द्वारा मुलाकोट से मज्याप तक सड़क डामरीकरण की मांग पर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सभी प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी, ईई लोनिवि हितेश कांडपाल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों के द्वारा उनकी समस्या का उनके घर आकर समाधान करने के लिए डीएम चंपावत को धन्यवाद दिया गया।

# मेरा सपना मेरा लक्ष्य कार्यक्रम के तहत बालिकाओं ने सरकारी कार्यालयों का किया शैक्षिक भ्रमण



**पिथौरागढ़।** महिला सशक्तिकरण को जमीनी स्तर पर सशक्त रूप देने की दिशा में जिलाधिकारी पिथौरागढ़ आशीष भटगाई के नेतृत्व में संचालित 'मेरा सपना मेरा लक्ष्य' कार्यक्रम निरंतर प्रभावशाली परिणाम दे रहा है। इसी क्रम में कार्यक्रम के विभिन्न चरणों में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, धारचूला की 26 छात्राओं को प्रशासन से सीधे जोड़ने का सार्थक प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने जनपद के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का शैक्षिक भ्रमण किया तथा महिला प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली को नज़दीक से समझा। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित एक सतत पहल है, जिसके तहत प्रत्येक माह दो बार दूरस्थ एवं सीमांत क्षेत्रों की बालिकाओं को प्रशासनिक तंत्र से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम की सबसे उल्लेखनीय विशेषता रही जिलाधिकारी द्वारा पारंपरिक औपचारिक भाषण शैली को छोड़कर छात्राओं से खुले, सहज और संवादात्मक रूप में बातचीत करना। उन्होंने छात्राओं के सपनों, करियर विकल्पों और जीवन लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा सपने तभी साकार होते हैं जब उनके लिए निरंतर प्रयास किए जाएँ। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता— आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति ही सफलता का असली मंत्र है। उन्होंने छात्राओं को ईमानदारी, करुणा, सम्मान, साहस, धैर्य, आत्मअनुशासन, कृतज्ञता एवं न्यायप्रियता जैसे मूल्यों को अपनाने का संदेश देते हुए इन्हें मजबूत चरित्र और सफल जीवन की आधारशिला बताया।

पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह दूरदर्शी और प्रभावशाली पहल बालिकाओं के भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन और जागरूकता को सशक्त करेगी तथा उन्हें नेतृत्व की भूमिका के लिए तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास बालिकाओं को नए अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत आधार तैयार करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने डिसिप्लिन और डेडिकेशन को सफलता का मूलमंत्र बताते हुए छात्राओं को निरंतर लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। शिक्षा, आयुर्वेद, उद्योग एवं प्रशासनिक सेवाओं से जुड़ी महिला अधिकारियों ने अपनी कार्य यात्रा, संघर्ष और अनुभव छात्राओं के साथ साझा किए। संवाद सत्र के दौरान छात्राओं ने करियर से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर अत्यंत सरल, स्पष्ट एवं प्रेरक ढंग से दिए गए। जिलाधिकारी ने छात्राओं को आश्वस्त करते हुए कहा प्रशासन का द्वार आपके लिए सदैव खुला है। यदि किसी भी छात्रा को मार्गदर्शन की आवश्यकता होगी, तो मैं एवं समस्त अधिकारीगण व्यक्तिगत रूप से सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे। संवाद सत्र के दौरान छात्राओं ने प्रशासनिक सेवाओं, करियर विकल्पों एवं भविष्य की योजनाओं को लेकर जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। कई छात्राओं ने इस अनुभव को अपने जीवन का अविस्मरणीय और प्रेरणादायक क्षण बताया।

जिलाधिकारी पिथौरागढ़ की अभिनव पहल 'मेरा सपना ज़ मेरा लक्ष्य' के द्वितीय संस्करण में प्रतिभाग करने वाली गंगोलीहाट स्थित कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज की छात्राओं में से एक कुमारी मेघा ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संसद भवन में हाल ही में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सहभागिता की और जनपद पिथौरागढ़, अपने विद्यालय तथा राज्य का नाम गौरवान्वित किया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, मुख्य शिक्षा अधिकारी तरुण पंत, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र वर्मा, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. चंद्रकला भैंसोड़ा, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निर्मल बसेड़ा, शिक्षक गण एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक, व्यावसायिक एवं सार्वजनिक संस्थानों की कार्यप्रणाली से परिचित कराना, उनमें आत्मविश्वास, सामाजिक जागरूकता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना, सपनों को स्पष्ट लक्ष्य में परिवर्तित करने हेतु निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करना था।

## माफ़ी न मांगने पर 50 लाख का दावा करने की चेतावनी

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ अधिवक्ता जमन सिंह बिष्ट ने हवालबाग ब्लॉक की धामस निवासी मोहन सिंह बिष्ट पुत्र जैत सिंह बिष्ट की ओर से पान सिंह पुत्र बिशन सिंह, बसंत बल्लभ पंत पुत्र जीवन चंद्र पंत, राजेंद्र सिंह चौहान पुत्र बहादुर सिंह चौहान डूंगर सिंह उर्फ जगदीश सिंह पुत्र बचे सिंह व विनोद तिवारी पुत्र शंकर तिवारी निवासी खूट धामस व चाण को नोटिस जारी कर कहा गया है कि उक्त लोगों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी मुवक्किल को भू माफिया के रूप में दुष्प्रचारित किया जा रहा है जिससे उनकी मुवक्किल की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है नोटिस में कहा गया है कि उनके वकील मोहन सिंह धामस के ही नहीं क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं उन्होंने उक्त लोगों से नोटिस प्राप्ति के 15 दिन के भीतर सार्वजनिक रूप से माफी न मांगने पर 50 लाख रुपए का अमानत में खयानत का दावा तथा फौजदारी का दावा भी सक्षम न्यायालय में दायर करने का नोटिस जारी किया है ज्ञातव्य है कि खूट धामस में विगत दोनों व्यक्तिगत रूप से भू-माफियाओ के खिलाफ आंदोलन भी हुआ था।

## कौसानी पहुंच रहे देशी विदेशी पर्यटक



**कौसानी, पूरन दोसाद।** राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी का प्रमुख विश्राम स्थल और मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से विख्यात पर्यटन नगरी कौसानी में इन दिनों देशी विदेशी पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने लगी है।यहां अनाशक्ति आश्रम पहुंचकर पर्यटक हिमालय की सुरम्य वादियों का लुत्फ उठा रहे हैं।साफ मौसम के बीच जिला पंचायत के गेस्ट हाउस से पर्यटक वहां लगे दूरबीन से हिमालय की वादियों का नजारा और स्वच्छ वातावरण और शांत वादियां देख परम आंनद की अनुभूति कर रहे हैं। कौसानी पहुँचे आस्ट्रेलिया के पर्यटकों का दल यहां की प्राकृतिक छटा देख खुश है। ड्राइवर इंडिया प्राइवेट दूर द्वारा सर्विस द्वारा सभी पर्यटकों को कौसानी के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कराया जा रहा है। पर्यटकों के गाइड पवन शर्मा ने बताया कि यहां पहुंचकर सभी पर्यटक शांति का अनुभव कर रहे हैं, पर्यटकों द्वारा इसे शहरों की भीड़भाड़ में शोर शराबे के बजाय यहां आत्मीय शांति की अनुभूति होने और शुद्ध प्राकृतिक वायु मिलने की बात कहते हुए आत्मीय रूप से परम शांति की अनुभूति होने और यहां हिमालय की सुरम्य वादियों के दर्शन होने की बात कही जा रही है। वही पर्यटकों ने यहां होटल व्यवसायियों द्वारा दी जा रही सुविधाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुनः आने की बात कही।

## देवस्थल मंदिर में विराट हिंदू सम्मेलन

**अल्मोड़ा।** जनपद के पावन देवस्थल मंदिर परिसर में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयंसेवक, युवा और मातृशक्ति शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद बृहस्पति गिरी महाराज ने हिंदुत्व विषय पर संबोधन करते हुए सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि यह समरसता, सेवा और संस्कार पर आधारित जीवन पद्धति है। वर्तमान समय में सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा और समाज को एकजुट रखना सभी का दायित्व है। उन्होंने युवाओं से परंपराओं को समझते हुए संतुलित रूप से आगे बढ़ने का आह्वान किया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता डॉ. लक्ष्मण सिंह भोज और भावना मल्होत्रा ने अपने विचार रखे। डॉ. भोज ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उद्देश्यों और समाज निर्माण में उसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण ही संघ का मूल लक्ष्य है। भावना मल्होत्रा ने सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्यों पर जोर देते हुए कहा कि सशक्त परिवार और सशक्त समाज से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है।


**स्पर्श न्यूरोसाइकिएट्रिक सेंटर**

मनोचिकित्सा, यौन सम्बन्धित समस्या, व्यसन मुक्ति केन्द्र

- De-addiction (व्यसन मुक्ति)
- Drpression (अवसाद)
- Schizophrenia (मनोविदलता या विखंडित मानसिकता)
- Bipolar Disorder (द्विध्रुवी विकार)
- Memory Clinic
- Sexual Problems
- Dementia (मनोभ्रंश)
- Headache and Migraine (गंभीर सिर दर्द या अधकपाली)
- Anxiety Disorders (चिंता विकार)
- OCD (मनोग्रसित-बाध्यता विकार)
- Neuropathy (न्यूरोपैथी)
- Epilepsy (मिर्गी)
- Phobia (दुर्भीति या फोबिया)
- व्यवहार सम्बन्धी समस्या
- अन्य प्रकार के मानसिक रोग

**Dr. Ravi Singh Bhainsora**

M.B.B.S. M.D. (Psychiatry)

Ex Consultant, Base Hospital, Ex Senior Resident, J.N.M.C., Ex M.O, U.K.H.S.

dr.ravisinghb@gmail.com 7617794225

Above Nainital District Co-operative Bank, In front of Bazjpur Bus Stand, Pilikothi, Haldwani.

Sunday Closed Appointment Only. Contact - 7617794225

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर रामलीला मैदान में भव्य हिंदू सम्मेलन

## राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पण का संकल्प



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**लोहाघाट।** सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, धार्मिक और पौराणिक नगरी लोहाघाट पूरी तरह सनातन चेतना और राष्ट्र भक्ति के रंग में रंगी नजर आई। रामलीला मैदान में राष्ट्र ीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित हिंदू सम्मेलन में सनातन रहेगा तो राष्ट्र जीवंत रहेगा, राष्ट्र व समाज के लिए मर-मिटने का संकल्प जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। सम्मेलन में समाज और राष्ट्र के लिए स्वयं को समर्पित करने की भावना स्पष्ट रूप से झलक रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित शांभवी मुरारी ने की, जबकि संचालन दीपक जोशी ने किया कार्यक्रम का आयोजन मुख्य संयोजक सुनील चौबे, सहसंयोजक अमित शाह और अमित जुकरिया के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि सनातन की उत्पत्ति प्रकृति और संस्कृति के समन्वय से हुई है, जिसका मूल भाव समाज में समरसता और एकता स्थापित करना रहा है। सनातन संस्कृति और देवी-देवताओं के प्रति किए जा रहे षड्यंत्रों को समय रहते पहचानते हुए ही राष्ट्र ीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई, जिससे आज करोड़ों स्वयंसेवक सनातन संस्कृति, प्रकृति संरक्षण और राष्ट्र हित में निरंतर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता वंदन के साथ हुआ, जिसके बाद देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

प्रसिद्ध मानेसर धाम के धर्माचार्य धर्मराजपुरी जी महाराज ने कहा कि जिस प्रकार हनुमान जी को उनकी शक्ति का स्मरण कराने के लिए जामवंत जी को आगे आना पड़ा था, उसी प्रकार आज सोए हुए हिंदू समाज को अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जिस सनातन ने अतिथि देवो भवः की भावना से लोगों को शरण दी, वही आज कुछ लोगों के निशाने पर है, जिनका सामना करने के लिए साधु-संतों को समाज के बीच आना पड़ रहा है।

मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक वतन जी ने कहा कि दुष्प्रचार और कुत्सित विचारों के माध्यम से सनातन की परंपराओं, मान्यताओं और उद्देश्य को विकृत करने का प्रयास किया गया। संयुक्त परिवार की परंपरा को कमजोर कर परिजनों के बीच संवाद समाप्त होता गया, जिससे समाज अपनी भाषा, बोली और रीति-रिवाजों से विमुख होता चला गया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों ने हिंदुत्व की पताका विश्व में फहराई और आज सनातन जागरण का नया दौर प्रारंभ हो चुका है, जिसमें समाज संगठित होकर शक्ति की तरह आगे बढ़ रहा है। महामंडलेश्वर हेमंत पशुपतिनाथ जी महाराज ने कहा कि जिस प्रकार हरे-भरे पत्तों से पेड़ की शोभा बनी रहती है, उसी प्रकार संयुक्त परिवार समाज की शक्ति होते हैं। उन्होंने कहा कि जब नींव ही कमजोर हो जाए तो उसमें संस्कारों का पोषण करना कठिन हो जाता है। उन्होंने सनातन की परम्पराओं, मान्यताओं, आचार विचार और संस्कारों को व्यवहार में लाने पर विषेश जोर दिया। इस अवसर पर शिशु मंदिर, विद्या मंदिर, होली विजडम तथा बालिका विद्या मंदिर के बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में नगर संघ चालक ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

### खिचड़ी भोज में दिखी संघ की सामाजिक समरसता

रामलीला मैदान में आयोजित माघ मास की खिचड़ी भोज में सामाजिक समरसता का जीवंत दृश्य देखने को मिला। कोई खिचड़ी बना रहा था तो कोई परोस रहा था, हर व्यक्ति सेवा भाव से अपने कार्य में लगा हुआ था। इस आयोजन में अनुशासन, स्वच्छता और व्यवस्था का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला। इतने बड़े कार्यक्रम के बाद भी कहीं अव्यवस्था या गंदगी नजर नहीं आई, जो संघ के संस्कारों को दर्शाता है।कार्यक्रम में पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल ,जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, सतीश चंद्र पांडे, सुभाष बगोली, निर्मल महरा, मोहित पाठक, राजू गढ़कोटी ,गिरीश कुवर ,गोविंद बोहरा ,सुरेंद्र बोहरा ,योगेश पांडे, दीपक ओली ,चंद्रशेखर बगोली ,देवेंद्र बोहरा ,बंशीधर जोशी, मनीष जुकरिया ,विवेक पुजारी, दीपक सुतेड़ी, कीर्ति बगोली ,सचिन जोशी ,भास्कर मुरारी ,नवीन कार्की ,रमेश उप्रेती, बलवंत गिरी, सरोज पुनेठा, दीपा खर्कवाल, सुषमा फर्त्याल, चंद्रकला महरा , महेश बोरा,लता वर्मा , चंद्रशेखर जोशी ,संजय पंत, जीवन गहतोड़ी , नवीन बोरा , सूरज कुमार आदि मौजूद रहे।

# पॉलिटेक्निक कैमिकल घटना हादसा या लापरवाही



**लोहाघाट।** गत दिवस लोहाघाट के रा.पॉलिटेक्निक में फार्मेसी प्रथम वर्ष की छात्र-छात्राएं प्रैक्टिकल कर रही थी । तभी एसिटल क्लोराइड केमिकल की सीसी जमीन में गिरकर फट गई और केमिकल से निकली गैस से एक शिक्षिका व सात छात्राएं गंभीर रूप से बीमार हो गई। जिनका वर्तमान में लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। जिसमें शिक्षिका शैलजा व कुछ छात्राओं की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक जिस समय यह प्रैक्टिकल कार्य चल रहा था संस्थान प्रबंधन के द्वारा प्रैक्टिकल करने के दौरान दी जाने वाली सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई थी। जिसमें मास्क, एपरन, चश्मा व गलब्ज अनिवार्य होते है। अभिभावक ग्राम प्रधान राजू फर्त्याल व अन्य अभिभावकों ने कहा हालांकि यह एक हादसा था लेकिन पॉलिटेक्निक प्रबंधन ने केमिकल युक्त प्रैक्टिकल करने के दौरान सुरक्षा उपकरण मुहैया कराने चाहिए थे। ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हो। कहा यह पॉलिटेक्निक प्रबंधन की लापरवाही मानी जाएगी उन्होंने प्रशासन व पॉलिटेक्निक प्रबंधन से प्रैक्टिकल के दौरान सुरक्षा उपकरण मुहैया कराने की मांग की है।

## मासी में स्टेट बैंक खोलने की मांग

**अल्मोड़ा।** क्षेत्र में एसबीआई बैंक शाखा खोले जाने की मांग को लेकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राधा पांडे ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक अल्मोड़ा को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि मासी में जनहित में बैंक की शाखा खोली जानी चाहिए। मासी तथा आसपास के कई गावों का व्यावसायिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक केंद्र यहां है। शाखा के जल्दी खुलने से स्थानीय व्यापार, स्वरोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहां है कि मासी क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा हेतु लाइसेंस भी मिल गया है लेकिन मानचित्र की मांग के बावजूद बैंक का संचालन नहीं किया जा रहा है जबकि देश-विदेश और स्थानीय नागरिक क्षेत्रीय लोग बैंक की प्रतीक्षा कर रहे है उन्होंने शीघ्र ही एसबीआई की शाखा शीघ्र खोलने की मांग की है।

## एम्बुलेंस सुविधा न मिलने से परेशान

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग की यहां कचहरी बाजार स्थित कार्यालय में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में एंबुलेंस सुविधा न होने से उपचार को आने वाले पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है बैठक में वक्ताओं ने बाजार क्षेत्र में बढ़ते जा रहे हैं अतिक्रमण रोडवेज व केमू स्टेशन में बसों के आने की कोई सूचना छाप ना होने पर नाराजगी व्यक्त की बैठक में तय किया गया है कि लीग का होली मिलन समारोह आगामी 3 मार्च को आयोजित होगा लीग के उपाध्यक्ष आशीष वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में एम एस बिष्ट,पूरनचंद लोहनी ,गोविंद लाल वर्मा ,नरेंद्र सिंह बंघारी डी के चौधरी एम सी जोशी आदि मौजूद रहे।

# भाकियू ( भानू ) चंपावत के जिलाध्यक्ष बने नवीन करायत



➔ **सिट्रस फलों व उत्पादों के गिरते दामों पर जताई चिंता**

➔ **किसानों की ऋण माफी व समस्याओं के लिए किया जाएगा संघर्षः करायत**

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**


**लोहाघाट।** चंपावत जिले के लोहाघाट के रामलीला मैदान में आज सोमवार को किसान शंकर दत्त बगोली की अध्यक्षता तथा मोहन पांडे के संचालन में किसानों ने एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में चंपावत जिले के पर्वतीय क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई।

इस दौरान किसानों ने जिला किसान संगठन (भानु) की नई कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें सर्व सहमति से पूर्व जिला अध्यक्ष नवीन करायत को जिला अध्यक्ष, निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजकिशोर शाह को उपाध्यक्ष, दीपक शाह कोषाध्यक्ष मोहन चंद पांडे मीडिया प्रभारी ,मनीष बगौली महामंत्री ,मोहन चंद्र राय महासचिव, एस डी बगौली व महेश चंद्र को संरक्षक बनाया गया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष करायत ने कहा सर्वप्रथम किसाने की ऋृण माफी की मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा, उन्होंने कहा सरकार व प्रशासन हर न्याय पंचायत में कोल्ड स्टोरेज खोलें, लोहाघाट नगर में मंडी की स्थापना की जाए ताकि किसानों को बिचौलिया से बचाया जा सके, कहा जंगली जानवरों से बचाव के लिए घेरवाड़ की मांगों को प्रमुखता से सरकार के सामने रखा जाएगा।

उन्होंने कहा जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में सिट्रस फलों को कौड़ियों के दामों में खरीदा जा रहा है किसानों के उत्पादों के दाम तक नहीं मिल पा रहे है। जिस कारण किसानों को मायूसी हाथ लग रही है तथा आर्थिक संकटों का सामना किसानों को करना पड़ रहा है ।

करायत ने कहा मुख्यमंत्री घस्यारी योजना के साइलेज के दाम बढ़ाकर गुणवत्ता में कमी कर दी गई है इस मांग को भी प्रमुखता से रखा जाएगा। उन्होंने कहा जिले में मत्स्य तालाब निर्माण में काफी भ्रष्टाचार चल रहा है। सूखे मत्स्य तालाबों का निर्माण किया जा रहा है जरूरतमंदों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

कृषि विज्ञान केंद्र लोहाघाट में बरसों से कई कर्मचारी जमे पड़े हैं उन्होंने कहा नकारा कर्मचारियों को यहां से स्थानांतरित किया जाए। कहा जल्द चारों ब्लॉकों की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। कहा किसान संगठन जोरदार तरीके से किसानों की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने क्षेत्र के अधिक से अधिक किसानों से संगठन से जुड़ने की अपील की कहा किसानों का शोषण कतई बर्दश्त नहीं किया जाएगा कहां आज पर्वती क्षेत्र का किसान कई समस्याओं से जूझ रहा है सरकार को किसानो की ओर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान गंगा दत्त जोशी, पूरन राम, उमेश चंद्र उपाध्याय ,जगदीश चंद्र, ऑन सिंह भरत चंद ,अजय सिंह, लोहाघाट विकास संघर्ष समिति अध्यक्ष विपिन गोरखा, गणेश बगौली, सतीश सुतेड़ी, विनोद कुमार,रमेश चंद्र राय, सहित कई किसान मौजूद रहे।

# सरकार मातृशक्ति के उत्थान को लगातार प्रयासरत

## भाजपा महिला मोर्चा ने सल्मोड़ा में आयोजित किया महिला चौपाल



**पिथौरागढ़।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट के निर्देशानुसार पिथौरागढ़ विधान सभा के सल्मोड़ा ग्राम सभा में जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा लक्ष्मी मेहता के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह की बहिनों एवं ग्रामीण महिलाओं के बीच महिला चौपाल विकसित भारत बजट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मेयर कल्पना देवलाल के प्रतिनिधि के रूप में दिनेश कापड़ी ने महिला विकास, महिला स्वरोजगार और सरकार द्वारा महिलाओं के उन्नयन के लिए संचालित विकास योजनाओं की जानकारी प्रदान की। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष लक्ष्मी मेहता ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार मातृ शक्ति के उत्थान और उनकी आर्थिकी मजबूत करने के लिए बहुत सारे प्रयास कर रही है। देश की आधी आबादी को उसके अधिकार प्रदान करने के लिए सरकार एक के बाद एक अनेक महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। महिला चौपाल कार्यक्रम में सह संयोजक गीता दिगारी, पूर्व जिला महामंत्री महिला मोर्चा पुष्पा चंद, कुसुम मेहता, पूर्व नगर उपाध्यक्ष शोभा भट्ट, भाजपा नेत्री चन्द्रकला सौन, श्वेता बिष्ट, दीप्ति बिष्ट, गीता पंत, पुष्पा जोशी, उषा भट्ट समेत अनेक ग्रामीण, मातृ शक्ति एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

# अवैध कच्ची शराब तस्कर गिरफ्तार, 87 पाउच बरामद

**कालाढूंगी (नैनीताल)।** जनपद नैनीताल में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कालाढूंगी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली कालाढूंगी पुलिस ने अवैध कच्ची शराब की तस्करी करते हुए एक अभियुक्त को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 87 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल श्री मन्जूनाथ टी.सी. के निर्देशों पर जनपद में नशे की रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कालाढूंगी श्री अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान कालाढूंगी बंदोबस्ती क्षेत्र से देवराम पुत्र रेवराम (उम्र 40 वर्ष), निवासी कालाढूंगी बंदोबस्ती, कोतवाली कालाढूंगी को अवैध कच्ची शराब की बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में अपर उपनिरीक्षक जयपाल सिंह की तहरीर पर कोतवाली कालाढूंगी में मुकदमा संख्या 13/2026, धारा 60 आबकारी



अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। घटना दिनांक 08 फरवरी 2026 को रात 8:40 बजे की है। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

कालाढूंगी पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नशे के विरुद्ध अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

## मल्लिकार्जुन स्कूल के छात्र शिरीष कोहली का मॉडल राज्य स्तर पर चयनित

**पिथौरागढ़।** विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित इन्स्पायर अवार्ड-मानक योजना के अंतर्गत मल्लिकार्जुन स्कूल के कक्षा 9 के छात्र शिरीष कोहली का नवाचार राज्य स्तर के लिए चयनित हुआ है। जिसके लिए विद्यालय के समस्त स्टॉफ ने उन्हें, उनके परिवार और उनके शिक्षक को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। पूरे जनपद से आए लगभग 1500 नवाचारों में से मल्लिकार्जुन स्कूल के छात्र का यह प्रोजेक्ट जिला स्तर पर चुना गया। जो एक सराहनीय और प्रशंसनीय प्रयास है। यह मॉडल विद्यालय के सामाजिक अध्ययन के शिक्षक गोविंद कांडपाल के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था। चयनित विद्यार्थी को अपने मॉडल निर्माण हेतु 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन धन राशि भी प्रदान की गई है। शिरीष कोहली अब अपने मॉडल के साथ राज्य स्तर पर चयनित अन्य जनपदों के अभ्यर्थियों से प्रतिस्पर्धा करेंगे। विद्यालय प्रबंधन, विद्यालय की प्रधानाचार्या तथा विद्यालय स्टॉफ ने शिरीष को अग्रिम प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं और आशा व्यक्त की है कि प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भी उनका मॉडल उचित स्थान प्राप्त करेगा।

# मैत्री कैरम प्रतियोगिता में यश और जाहिद की जोड़ी का जलवा

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा के खजांची मोहल्ला में मैत्री संघ द्वारा आयोजित मैत्री कैरम प्रतियोगिता का भव्य समापन हो गया। खेल प्रेमियों के भारी उत्साह के बीच हुए इस रोमांचक फाइनल मुकाबले में यश साह और जाहिद अंसारी की जोड़ी ने खिताबी जीत हासिल की। फाइनल मैच में यश साह और जाहिद अंसारी का मुकाबला राजा पांडे और अभय साह की मजबूत जोड़ी से था। लगभग 4 घंटे तक चले इस मैराथन मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। अंततः यश और जाहिद की जोड़ी ने धैर्य और सटीक रणनीति का परिचय देते हुए 29-22 के अंतर से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की।फाइनल मैच में यश साह और जाहिद अंसारी का मुकाबला राजा पांडे और अभय साह की मजबूत जोड़ी से था। लगभग 4 घंटे तक चले इस मैराथन मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। अंततः यश और जाहिद की जोड़ी ने धैर्य और सटीक रणनीति का परिचय देते हुए 29-22 के अंतर से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। यश और जाहिद ने शुरुआती दौर से ही तकनीकी कौशल और बेहतरीन तालमेल दिखाया, जबकि राजा पांडे और अभय साह ने भी अपने शानदार खेल से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुशील साह और भाजपा नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान कैरम के क्षेत्र में योगदान देने वाले वरिष्ठ खिलाड़ियों शरद कन्नौजिया, इंद्र सिंह बिष्ट और मनोज वर्मा 'कांची' को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मैच में स्कोरर की महत्वपूर्ण भूमिका हर्षवर्धन वर्मा, गिरीश जोशी और राजेश साह ने निभाई। इस अवसर पर दीपक वर्मा, विवेक वर्मा, प्रशांत वर्मा, अनिल बिष्ट, ललित मोहन शाह, कंचन बिष्ट, अमित शाह, पंकज वर्मा, अभय उप्रेती, बबन, वीरेंद्र सिंह, अजय बिष्ट, राकेश शाह, मणिकरण गुप्ता, अनिल शाह, किशन शाह, नारायण बिष्ट, चंद्रशेखर कांडपाल और मनोज शाह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## प्रधान पूजा ने जनसुनवाई में उठाई गांव की पेयजल की समस्या

**पिथौरागढ़।** बालाकोट की ग्राम प्रधान पूजा ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कार्यालय सभागार में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में



प्रतिभाग किया। उन्होंने जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाईं को ज्ञापन दिया। उन्होंने जिलाधिकारी को अपने गांव के ग्रामीणों की समस्या बताते हुए कहा कि उनके गांव में जल जीवन मिशन योजना में जल संस्थान द्वारा पेयजल कनैक्शन दिए गए हैं परंतु सभी घरों में पेयजल की नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ग्रामीण पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं?। उनके गांव में 4 पेयजल टैंक निर्मित हैं। जो अपर्याप्त हैं। उनसे गांव के सभी 8 तोकों में पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से गांव में 2 और पेयजल टैंक बनाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने मोटर द्वारा लिफ्टिंग से गांव के प्रत्येक घर में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में उनके साथ कलावती देवी और अन्य ग्रामीण शामिल थे। उन्होंने कहा कि शीघ्र उनके गांव की पेय जल की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो गांववासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।






# सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य रघुवंशी का निधन

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य युगराज सिंह रघुवंशी का आज प्रातः एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही तमाम शैक्षिक, साहित्यिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक और मीडिया जगत में शोक की लहर दौड़ गई। तमाम लोगों ने उनके आवास पर पहुंच कर गहरा दुख जताया। स्वर्गीय रघुवंशी स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में लंबे अरसे तक प्रधानाचार्य के पद पर अपनी सेवाएं देते रहे। सेवा निवृत होने के पश्चात वह सामाजिक, धार्मिक और साहित्यिक कार्यों में जुड़ गए। साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में भी वह अपनी कुशल लेखनी के जरिए जन समस्याओं को उजागर करने लगे। वह रुद्रपुर से प्रकाशित होने वाले एक सांध्य दैनिक समाचार पत्र में अपनी



सेवाएं देने लगे।

उनकी कई रचनाएं भी प्रकाशित हुई। वह स्वभाव से बेहद मिलनसार थे और समाज में होने वाले हर कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। उम्र के बढ़ते पड़ाव को लेकर वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। लेकिन उनको सबसे बड़ा झटका उन्हें तब लगा कि जब कुछ समय पूर्व उनके इकलौते युवा पुत्र का आकस्मिक निधन हो गया। उसके पश्चात से वह शारीरिक और मानसिक रूप से बेहद टूट गए थे।और पिछले कई दिनों से शहर के एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था जहां आज प्रातः उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन का समाचार पता ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

विधायक शिव अरोड़ा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, विधायक तिलक राज बेहड, मेयर विकास शर्मा, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, गुरमीत सिंह सहित राजकुमार फुटेला, परमपाल सुखीजा, अनिल चौहान, मनोज आर्य, संजय उपाध्याय, राजीव चावला, सुनील राणा, सुरेंद्र शर्मा, बबलू पाल,भरत शाह, मुकेश गुप्ता, जगदीश चंद्र, प्रमोद ढींगरा समेत तमाम पत्रकार शामिल थे।